### पलायन करने वाले मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें

## घर-घर अलख जगाकर हर एक मतदाता को जागरूक करें : कलेक्टर राघवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

घर-घर अलख जगाकर हर एक मतदाता को जागरूक बनाकर विधानसभा आगर में 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करवाना है। यह बात मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत गुरुवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित सेक्टर अधिकारियों एवं बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की कार्यशाला में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कही। साथ ही उपस्थित स्वीप पार्टनर्स से आह्वान किया कि पलायन करने वाले मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान वाले दिन अपने क्षेत्र में बुलाने के लिए हर संभव प्रयास करें और अधिक से अधिक मतदान कराने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह द्वारा घोषणा की गई की विधानसभा आगर क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान कराने वाली तीन बीएजी टीम के सदस्यों को आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान पूर्वक सम्मानित किया जाएगा।





### बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला आयोजित

कार्यशाला में संबोधित करते हुए जिला स्वीप नोडल ओपी विजयवर्गीय ने उपस्थितजन से आह्वान किया कि मतदान के शेष बचे तीन दिनों में हर घर दस्तक दें एवं प्रत्येक मतदाता से मिलकर उन्हें मतदाता पर्ची के साथ-साथ वोटर गाईड प्रदान करते हुए पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित करें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने अवगत कराया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर छाया, शीतल जल, इत्यादि सुविधा मतदाताओं के लिए पहले से कर लें अपने मतदान केन्द्रों पर रांगोली इत्यादि के माध्यम से आकर्षक सजावट करें, यथा संभव सेल्फी बूथ रखें। साथ ही कौर द्वारा बताया गया कि शहरी मतदाताओं के उत्साह वर्धन हेतु नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रथम 100 मतदाताओं को इनामी कूपन प्रदान किए जाएंगे एवं समाप्ति पर ड्रा द्वारा तीन विजेताओं का चयन कर उन्हें पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही दोपहर 12 बजे से 4 के मध्य शहरी मतदान केंद्रों पर आने वाले मतदाताओं को ठंडी छाछ प्रदान की जाएगी।



## नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में हुआ 76 प्रतिशत से अधिक मतदान

**नलखेड़ा।** लोकसभा चुनाव में राजगढ़ संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सुसनेर विधानसभा में मंगलवार को मतदान सम्पन्न हो चुका है। इस चुनाव में नलखेड़ा नगरीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर मतदान किया गया। नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में कुल 76.12 प्रतिशत मतदान हुआ है, जोकि सुसनेर विधानसभा के औसत मतदान से अधिक है।

नलखेड़ा नगरीय क्षेत्र में कुल 12798 मतदाताओं के लिए 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां कुल 9742 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। पुरुष मतदाताओं ने महिला मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया। कुल 6362 पुरुष मतदाताओं में से 5163 ने (81.15 प्रतिशत) एवं 6436 महिला मतदाताओं में से 4579 मतदाताओं (71.14 प्रतिशत) ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगर में सर्वाधिक मतदान बूथ क्रमांक 193 पर 86.81 प्रतिशत एवं सबसे कम मतदान बूथ क्रमांक 188 पर 68.69 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर के मतदान क्रमांक 185 पर 1068 में से 782 (73.22 प्रतिशत), 186 पर 1015 में से 795 (78.32 प्रतिशत), 187 पर 1145 में से 861 (75.19 प्रतिशत), 188 पर 821 में से 564 (68.69 प्रतिशत), 189 पर 1011 में से 711 (70.32 प्रतिशत), 190 पर 670 में से 525 (78.35 प्रतिशत), 191 पर 994 में से 812 (81.69 प्रतिशत), 192 पर 651 में से 476 (73.11 प्रतिशत),193 पर 690 में से 599 (86.81 प्रतिशत), 194 पर 822 में से 661 (74.20 प्रतिशत), 195 पर 1235 में से 915 (74.08 प्रतिशत), 196 पर 678 में से 528 (77.87 प्रतिशत), 197 पर 667 में से 515 (77.21 प्रतिशत), 198 पर 695 में से 538 (77.41 प्रतिशत), 199 पर 638 में से 460 (72.10 प्रतिशत) मतदान हुआ।

## नलखेड़ा मंडी पांच दिनों तक रहेगी बंद

**नलखेड़ा।** शुक्रवार से मंगलवार तक पांच दिनों तक स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए मंडी सचिव ने बताया कि आज मंगलवार को अक्षय तृतीया,शनिवार को साप्ताहिक अवकाश, रविवार को बैंक बंद होने से अवकाश, सोमवार व मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन में कर्मचारियों की ड्यूटी के कारण कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। अवकाश के इन दिनों में किसान अपनी ऊपज लेकर मंडी में न आएं।




## शासकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाजापुर के रसायन विज्ञान विषय के प्रध्यापक डॉ बीके सोलंकी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ.जीएल रावल की अध्यक्षता में रसायन शास्त्र में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान आयोजित हुए। डॉ.सोलंकी ने रसायन शास्त्र के बेसिक विषय को समझाया कि विद्यार्थी इस विषय में अपनी उच्च योग्यता अर्जित कर वैज्ञानिक, शोधार्थी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक बन सकते है। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र सिंह खांगोडे द्वारा किया तथा आभार डॉ. बलवंत सिंह दांगी द्वारा माना गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाता जागरुकता का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिला पंचायत द्वारा जिले में पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत एजेन्सियों के मध्य अप्रैल माह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जनपद स्तरीय 03-03 विजेताओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया। जिसके तहत 9 मई को जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता लोकसभा निर्वाचन 2024 की थीम पर सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र ग्रामीण अजीविका मिशन भवन आगर मालवा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जनपद स्तर से चयनित 10 समूहों द्वारा भाग लिया गया जिनमें 03 सदस्यीय निर्णायक मण्डल द्वारा समुहों के प्रस्तुतीकरण पर विभीन्न मापदण्डों के आधार पर अंक प्रदाय किये जाकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह का चयन किया गया।

जिसमें प्रथम स्थान पर मॉ शारदा स्व-सहायता समूह शा.प्रा.वि. टीकोन विकासखण्ड नलखेड़ा, द्वितीय स्थान बाबा रामदेव स्व-सहायता समूह शा.मा.वि. बामन्याखेड़ी विकासखण्ड सुसनेर एवं तृतीय स्थान पर माँ गायत्री स्व-सहायता समूह शा.प्रा.वि. सुदवास रहे। कार्यक्रम का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसीमरनप्रीत कौर द्वारा किया गया एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरूस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम में स्वीप नोडल अधिकारी ओपी विजयवर्गीय,जिला पंचायत सहायक विस्तार अधिकारी जिनेन्द्र कुमार जैन एवं जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।



## मतदान दलों के लौटने के पहले ही 4500 मतदान कर्मियों के खाते में पहुंचे गए 45 लाख रुपए

### मतदान समाप्ति के पहले मानदेय मिलने की अधिकारी कर्मचारियों ने की सराहना

**सीहोर।** तीसरे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए जिले की तीन विधानसभाओं बुधनी, इछावर और सीहोर में 4500 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव में सबसे खास बात यह रहीं कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी अधिकारी कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही मतदान कर्मियों के खाते में 45 लख रुपए की राशि स्थानांतरित कर दी गई। मतदान संपन्न कराकर मतदान दल वापस पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर मतदान सामग्री जमा करने पहुंचने पर अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनके मोबाइल पर मानदेय की राशि पहुंचने के एसएमएस प्राप्त हो गए हैं। कर्मचारी प्रतिमा सिंह ठाकुर, राजेश कुमार, अशोक पवार, एमएल ऊईके सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारियों ने बताया कि पहली बार इस तरह मतदान समाप्ति के पहले उनके मानदेय का भुगतान मिला है, यह सराहनी है। इसके लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।


## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जाएगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## असामाजिक तत्व पर कड़ी निगरानी के निर्देश

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्व जिले में घुसपैठ कर सकते हैं, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। जिला दंडाधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस आदेश जारी कर जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अधिनियम 1967 के अन्तर्गत सीहोर जिले के भीतर सभी सराय, धर्मशालाओं, होटल, लॉज के मालिकों/प्रबंधकों को आदेशित किया जाता है कि वे अपने होटल, लॉज, सराय, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को एवं संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी को लिखित में प्रस्तुत करेंगे।

## दो साल से जली पड़ी केबल ग्रामीण ट्रांसफार्मर में तार डालकर ले रहे बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत अजमतनगर के ग्राम मंझेड़ा में बिजली विभाग की अनदेखी के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। यहां बिजली की केबल जले दो साल हो गए हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक केबल नहीं बदली गई।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की है, लेकिन इस और अभी तक उन्होंने ध्यान नहीं दिया है। आखिर में ग्रामीणों में भी हार मानकर अपने घर के लिए बिजली की व्यवस्था के लिए सीधे ट्रांसफार्मर से तार लगाकर बिजली ले रहे हैं। क्षेत्र में इस समय डीपी से बिजली के तारों का जाल बिछ चुका है। ज्यादा तार होने के कारण यहां आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

ट्रांसफार्मर के पास ही रहने वाले उमेश सिंह दांगी ने बताया कि आए दिन किसी न किसी की केबल टूटती रहती है, व कुछ लोगों ने तो उनके घर के ऊपर से या आजू-बाजू से डोरी टांग रखी है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की समस्या को लेकर हमने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है, फिर भी कुछ नहीं हुआ। गांव में दो ट्रांसफार्मर है, यहां दोनों की यही हालत है।

### नर्मदा तट आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर, बाबरी, बुधनी, मंडी पहुंचे श्रद्धालु

## सत्तू अमावस्या पर मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



वैशाख मास की अमावस्या को सत्तू अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। यूं तो प्रत्येक माह को पड़ने वाली अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान करते हैं, लेकिन वैशाख मास की सत्तू अमावस्या का विशेष महत्व होता है। बुधवार को भी सत्तू अमावस्या पर सीहोर जिले के प्रसिद्ध नर्मदा तट आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर, बाबरी, बुधनी, मंडी सहित कई अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त नर्मदा स्नान करने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सत्तू भगवान को मंदिर में चढ़ाया, दान किया और इसके बाद सत्तू खाकर अमावस्या का पर्व मनाया।

**नर्मदा घाटों पर किए विशेष इंतजाम :** सत्तू अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में लोग स्नान करने के लिए नर्मदा घाटों पर पहुंचते हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाएं की गईं। इस दौरान आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर सहित अन्य घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने अलसुबह से ही नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया एवं पूजा-अर्चना करके सत्तू का दान भी दिया। महिलाएं भी सुबह से स्नान करके मंदिरों में पहुंची। यहां पर पूजा-अर्चना के बाद भगवान को सत्तू अर्पि बीत किया। इसके बाद घरों में आकर सत्तू खाया।

**इसलिए है सत्तू अमावस्या की मान्यता :** हिंदू मान्यता के अनुसार वैशाख मास की अमावस्या को सत्तू या सतुवाई अमावस्या के नाम से जाना जाता है। सत्तू अमावस्या पर नर्मदा स्नान सहित तीर्थों पर स्नान-दान, पूजन और पितरों की पूजा के बाद सत्तू दान करने की विशेष परंपरा है। सनातन परंपरा में इस दिन न सिर्फ सत्तू के दान बल्कि सत्तू के सेवन का शुभ फल बताया गया है। सत्तू अमावस्या का न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिष महत्व भी है। ज्योतिष की दृष्टि से पितृदोष और कालसर्प दोष दूर करने वाली शांति पूजा के लिए सत्तू अमावस्या को बेहद शुभ माना गया है।

**सत्तू अमावस्या का दान :** हिंदू धर्म में मान्यता है कि सत्तू अमावस्या पर यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दोपहर के समय में चावल से बना सत्तू अथवा सामान्य सत्तू का दान किया जाए तो पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार सत्तू अमावस्या पर जरूरतमंदों को जल एवं अन्न का दान भी अत्यंत ही शुभ माना गया है। सत्तू अमावस्या की पूजा का उपाय हिंदू धर्म में सत्तू अमावस्या तिथि के दिन पूजा के विशेष उपाय बताए गए हैं, जिसे करने से न सिर्फ संबंधित देवी-देवता, बल्कि ग्रह विशेष का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सत्तू अमावस्या का पुण्यफल पाने के लिए यदि संभव हो तो पूजा-पाठ करने के साथ व्रत भी रखना चाहिए। सत्तू अमावस्या के दिन भगवान श्री विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए उं नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का अधिक से अधिक जप करना चाहिए। इस दिन शुभ फल की प्राप्ति के लिए पीपल के पेड़ पर पानी में कच्चा दूध और तिल मिलाकर चढ़ाना चाहिए। अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ के नीचे दीया जलाना चाहिए। सत्तू अमावस्या पर गंगा स्नान को बहुत ज्यादा पुण्यदायी माना गया है, इसलिए यदि संभव हो तो इस दिन गंगा तट पर जाकर विशेष रूप से स्नान करना चाहिए। यदि आप गंगातट पर न जा पाएं तो अपने घर में नहाने के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करके इस पुण्य लाभ पा सकते हैं। कुंडली में स्थित कालसर्प दोष और उसके कारण होने वाले कष्टों से मुक्ति पाने के लिए सत्तू अमावस्या के दिन स्नान- ध्यान करने के बाद चांदी से बने नाग-नागिन को बहते हुए पानी में प्रवाहित करना चाहिए। मान्यता है कि इस उपाय को करने पर कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

## खबर संक्षेप

### 20 पेटी विदेशी मदिरा जब्त कर दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**देवास।** आबकारी विभाग के दल ने गुरुवार को वृत्त देवास स में मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने बालगढ़ बायपास टोल के पहले इंदौर की ओर से आ रही कार को रोका, जिसमें 02 व्यक्ति चेतन सिंह एवं नागेश्वर परिहार बैठे हुए थे। कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार से 17 पेटी बीयर केन एवं 03 पेटी व्हिस्की कुल 230 बल्क लीटर बरामद हुई जो दोनों व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर परिवहन की जा रही थी। विभाग द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री तथा वाहन का बाजार मूल्य लगभग 4 लाख 31 हजार रूपए है ।
कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, डी पी सिंह आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आशीष गुप्ता, बालकृष्ण जायसवाल, नितिन सोनी, दीपक धुरिया, भगत परते, किशोर सिसोदिया सम्मिलित थे।

### परशुराम जन्मोत्सव पर वाहन शोभायात्रा, हवन पूजा व भंडारा आज

**देवास।** सर्व ब्राह्मण महासभा संघ द्वारा परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ जिलाध्यक्ष पं. प्रशांत शर्मा एवं संपूर्ण कार्यकारिणी के नेतृत्व में 10 मई को परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर प्रातः 8.30 बजे भगवान परशुराम जी की पूजन हवन एवं आरती चाणक्यपुरी मंदिर में की जावेगी। तत्पश्चात शाम 5 बजे से परशुराम जी की भव्य वाहन शोभायात्रा भी मल्हार स्मृति मंदिर सयाजी द्वार देवास से प्रारंभ होगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चाणक्यपुरी स्थित परशुराम जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा में प्रभु श्री राम जी की 14 फीट की प्रतिमा, परशुराम जी 8 फीट की प्रतिमा, बैण्ड, डीजे, ढोल, रथ, बग्गी आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। समाजजन भगवा दुपट्टा ओढे शामिल होंगे। शाम को 7 बजे से एक विशाल भोजन प्रसादी (भंडारा) का कार्यक्रम भी परशुराम जी मंदिर चाणक्यपुरी में होगा। जिसमें संपूर्ण सनातनी समाज को आमंत्रित किया गया है।

### एनएबीएल लैब निर्माण के चलते डीआईसी के रूम में गिरा छत का हिस्सा

# स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ उपयंत्री को कार्य मे अनियमितता के चलते किया बर्खास्त

निर्माण के चलते कई बार छत का मलबा नीचे के विभागों में गिरता रहता हैं जिससे हादसे होने का अंदेशा बना रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



**देवास।** डीआईसी जाने वाला मार्ग भी हुआ बन्द।

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही बरतना नही चाहती, जिसको लेकर प्रदेश सरकार का बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं में लगाया जाता हैं लेकिन यदि धरातल पर उचित जगह इसका उपयोग हो तो बजट का पूरा फायदा आम जनता को मिलता हैं। बजट की सही उपयोगिता का काम जिम्मेदार अधिकारीयो का रहता हैं जो आंवटित बजट को सही रूप से जनता के लिए उपयोग में लाते है, जिला अस्पताल देवास में स्वास्थ्य सम्बन्धी एडवान्स सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही हैं लेकिन उसका उपयोग सही जगह नही हो पा रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनो एनएबीएल लेब का निर्माण चल रहा हैं, जो शिशुओं की केयर के लिए बनाई गई डीआईसी के ऊपर बनाई जा रही हैं, सरकार की मंशा भी हैं कि एडवान्स स्वास्थ्य सुविधा जिले के नागरिकों को मिले , लेकिन जंहा लेब बनाई जा रही है, उसका प्रवेश स्थान मरीजों के लिए सुगम होना चाहिए।

इस पर जिला अस्पताल के जिम्मेदारो का।कहना है कि मरीज को ब्लड देने लेब में नही जाना पड़ेगा। हमारा स्टाफ सेम्पल लेकर लेब में भेजेगा। लेकिन हमेशा की तरह स्टाफ की समस्या से जूझने वाला जिला अस्पताल क्या इसे धरातल पर उतार पाएगा। सूत्रों की माने तो लेब निर्माण के लिए दूसरी जगज निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित स्थान पर न बनाकर इसे सिविल सर्जन कार्यलय के ऊपर बनाया जा रहा है जिसके नीचे डीआईसी सहित तमाम अन्य विभाग हैं। लेब निर्माण के चलते कई बार छत का मलबा नीचे के विभागों में गिरता रहता हैं जिससे हादसे होने का अंदेशा लगा रहता है। डीआईसी का निर्माण निर्धारित जगह पर न होकर दूसरी जगह पर किया गया। डीआईसी का निर्माण बच्चों के प्रवेश की सुगमता को देखकर किया जाता हैं। व्यवहारिक तौर पर ऐसे सेंटर का निर्माण ग्राउंड फ्लोर पर किया जाता हैं, लेकिन वहां न होकर इसे प्रथम तल पर किया गया। ऐसे में शासन के लाखों रुपये व्यर्थ हो जाते है, या पूर्ण रूप से आमजन के लिए उपयोग नही आ पाते।

#### डीआईसी में गिरा छत का हिस्सा

सूत्रों की माने तो डीआईसी भी निर्धारित जगह नही बनाई गई और साथ ही नई निर्माणाधीन लेब भी उसकी निर्धारित जगह नही बनाई जा रही। इसे डीआईसी के ऊपर बनाया जा रहा है। लेब निर्माण के चलते डीआईसी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। डीआईसी में बच्चों और पालकों का आना जाना लगा रहता हैं, लेब निर्माण के दौरान डीआईसी में कई जगज टूट फुट होने के साथ एक्जामिनेशन रुम में ही छत का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। गनीमत यह रही की वँहा कोई बच्चे नही थे नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। निर्माण के दौरान डीआईसी जाने वाला मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया हैं, हालांकि रेम्प का दूसरा रास्ता हैं पर उससे जाना बच्चो के लिए बहुत ही रिस्की हैं।

डीआईसी ऐसी जगह पर बनना चाहिए थी, जहां बच्चों का प्रवेश सुगमता से हो सके। बच्चे डीआईसी में दी गई खेल और उनके परीक्षण जैसी सुविधओं का पूर्ण रूप से उपयोग कर सके। कई निर्माण नियमों को ताक पर रखकर पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर किए। निर्माणों के अंतर्गत आर्थिक अनियमितता के साथ ही निर्माण स्थलों की जगह ही बदल दी गई। जिस प्रोजेक्ट का निर्माण बेस से करना था उसे बिल्डिंग के ऊपर शिफ्ट कर दिया गया। इन निर्माणों को करवाने के लिए जिला अस्पताल में सब इंजीनियर उमेश शर्मा की नियुक्ति की गई,जिनके द्वारा कही न कही गम्भीर लापरवाही होना पाई गई।

एक्सक्लूसिव खबर

#### नोटिस देकर मांगा था जवाब



प्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त संचालनाय स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा उमेश शर्मा को संविदा उप यंत्री सिविल के पद पर नियुक्त किया गया था। जिले में एनएचएम स्वास्थ्य अंतर्गत आने वाले डीपीएम यूनिट में उनकी पद स्थापना की गई थी। उमेश शर्मा को अपने कार्य के प्रति लापरवाह पाए जाने पर केकई बार नोटिस के माध्यम से जवाब तलब किया गया था। वर्तमान में मार्च 2024 में अपने कार्य के प्रति लापरवाह होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस में शर्मा द्वारा वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारीयो के संज्ञान में लाए बिना ही कार्य प्रारंभ करने का स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही स्वयं निर्णय लेकर कार्य करने पर भी जवाब मांगा गया। साथ ही रिकार्ड बुक में कई गलतियों का होना पाया गया , जो की गम्भीर चूक की श्रेणी में पाया गया। शर्मा से पूछा गया की किया गया कार्य शासन के दिशा निर्देशों अनुरूप है उसे स्पष्ट करें। शर्मा द्वारा एनएचएम द्वारा पूछे गए सवालों के जवाबों में असंतुष्टता पाई गई।जिस पर मिशन संचालक ने निर्णय लेते हुए शर्मा की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर शर्मा को अपने पद से बर्खास्त किया गया।

#### की जाएगी मरम्मत

निर्माण एजेंसी को रिपेयर करवाने के लिए कहा गया है, जल्द ही रिपेयर करवा लिया जाएगा। ग्राइंडर चलने से प्लास्टर गिरा है, जिसकी मरम्मत की जाएगी।

**एमपी शर्मा सिविल,** सर्जन जिला अस्पताल







# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चापड़ा में किया रोड शो

### सीएम ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन



**चापड़ा।** मुख्यमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार के दिन पहली बार बागली पहुंचे। जहां पर बागली नगर भ्रमण कर मुख्यमंत्री का काफिला चापड़ा पहुचा। लोग सुबह से ही स्वागत की तैयारी में जुटे हुए थे। सभी को अनुमान था की मुख्यमंत्री खुली गाड़ी में आएंगे, लेकिन बंद गाड़ी में मुख्यमंत्री सवार होकर चापड़ा पहुंचे। इस दौरान चोराहे पर चारों तरफ से मार्गों पर आवागमन बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही चापड़ा पहुंचा मुख्यमंत्री की गाड़ी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान सुनील पुरोहित मित्र मंडल द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के काफिले में भाजपा नेताओं की गाड़ी से अधिक प्रशासनिक गाड़ियां नजर आ रही थी। मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर जो उम्मीदें लगाई जा रही थी, समय के अभाव के चलते उसके अनुसार रोड़ शो नहीं हुआ, सिर्फ क्षेत्र से मुख्यमंत्री का काफिला निकला। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजीव खडेलवाल, युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष राम सोनी, पूर्व विधायक पहाड़सिंह सिंह कन्नौजे,टिकेन्द्र प्रताप सिंह,कमल यादव,नप अध्यक्ष सीमा कमल यादव,नप करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार उपस्थित रहे।

# ग्राम माधोपुर खेड़ा में नियमित जांच उपचार से स्थिति सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि देवास जिले के ग्राम माधोपुर खेड़ा में वायरल फीवर के कारण विगत दिनों दो बालिकाओं कि मौत हो गयी थी । स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरंतर मरीजों की जांच और उपचार किया जा रहा है। मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए और संपूर्ण ग्राम में फीवर सर्वे ,लार्वा सर्वे और टेमोफास का छिड़काव किया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ मिश्रा ने बताया कि ग्राम में चिकित्सकीय टीम द्वारा निरंतर कैंप लगाया जा रहा है। घर-घर जाकर मरीजो की जानकारी ली जा रही है। इसके लिए 4 सदस्य 15 टीमो का गठन किया गया साथ ही कैंप लगाकर पूरे ग्राम में सतत स्वास्थ्य सेवा प्रदाय की जा रही है। घर-घर भ्रमण कर मरीजो की सतत निगरानी की जा रही है, गांव में फीवर सर्वे लार्वा सर्वे किया। टीम को घर-घर भ्रमण के दौरान कुछ घरो में डेंगू लार्वा पाया गया।इसके विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी। लोगो को साफ-सफाई रखने की जानकारी दी तथा बुखार रोगियों का ब्लड सैंपल लिए जाकर उसकी जांच कराई जा रही है।

ग्राम में अब तक 181 व्यक्तियों कि जॉच कर तहत अभी तक 37 फीवर के रोगियों के ब्लड सैंपल लिए गए । जिसमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और हेपेटाइटिस बी,सी की जांच की जा रही है। पूर्व मे लिये सैम्पल में एक महिला डेंगू पॉजिटिव आई है इनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सीएमएचओ डॉ मिश्रा ने बताया कि ग्राम में हुई मृत्यु की जाच के लिये चिकित्सकीय टीम द्वारा निरन्तर ग्रामवासियों और मरीजों के साथ जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर वर्तमान स्थिति बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण कि कार्यवाही कि जा रही है।

डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया, टाइफाइड की जांच हेतु नमूना एकत्र कर जॉच की जा रही है। मच्छर नियंत्रण और स्वास्थ्य देखभाल के लिए गांव में जागरूकता गतिविधियां करने ,लार्वा सर्वेक्षण , टेमेफोस स्प्रे ,पानी का नमूना संग्रह, घर-घर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है । जिला स्तर और ब्लॉक स्तर से चिकित्सकीय टीम निरन्तर भ्रमण कर निगरानी रख रही है। और उचित कार्यवाही कर रही है।

जिससे स्थिति नियंत्रण में है। सीएमएचओ डॉ मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा किअब सभी को सतर्कता और ध्यान देने की आवश्यकता है डेंगू बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, शरीर पर दाने, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द कुछ गंभीर मामलों में रक्तस्राव और सदमा होता है, जो जीवन के लिए खतरा हो सकता है लक्षण हो तो तुरंत ही चिकित्सक को दिखाए और जांच करवाएं।

# भीषण गर्मी के बाद धूल भरी हवा के साथ हुई चापड़ा में बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विगत दो दिनों से लगातार दोपहर के बाद मौसम करवट ले रहा है। गुरुवार के दिन 4 बजे अचानक से मौसम बदला और तेज धूल भरी हवा व बादल कि गड़गड़ाहट के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया।गर्मी के कारण आम जन काफी परेशान थे, हवा के साथ तेज बारिश के बाद गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन कई किसानो की प्याज की फसल खेतों में पड़ी हुई होने के चलते खराब हो गई।

# केदारनाथ बद्रीनाथ तीर्थ यात्रा के लिए यात्री रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




क्षेत्र के ग्रामीणजन तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। इसी के चलते गुरुवार के दिन चापडा नगर से भी तीन यात्री केदारनाथ बद्रीनाथ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए।

इस दौरान पंचायत भवन के समीप पूजन करने के बाद सभी परिवार जनों की उपस्थिति में तीर्थयात्री बस से रवाना हुए। तीर्थ यात्रियों में जवाहरलाल पाटीदार, मायाबाई जवाहरलाल पाटीदार एवं सावत्रीबाई भौजी अन्य यात्रियों के साथ केदारनाथ बद्रीनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए।इस दौरान समाजजन एवं परिवार के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर आनंदीलाल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, संजय पाटीदार, मनोहर पाटीदार, रमेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं परिवार के लोग उपस्थित रहे।

### वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स ले रहे वैपन चलाने की ट्रेनिंग

# फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट सहित मैप रीडिंग का दिया प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

9 एमपी बटालियन एनसीसी के केडेट्स के लिए दस दिवसीय कैंप के अंतर्गत 22 रायफल तथा मैप रीडिंग स्किल के तहत कम्पास का उपयोग करना सिखाया गया। कैडेट्स ने टारगेट पर निशाना लगाने का अभ्यास भी किया। सरस्वती विद्या मन्दिर सीबीएसई विद्यालय प्रांगण में चल रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र एवं छात्रा केडेटों को एन.सी.सी. के अधीन संचालित होने वाली नियमित गतिविधियों का आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि वेपन ट्रेनिंग के अंतर्गत एनसीसी में उपयोग आने वाले 22 रायफल के संचालन व टारगेट पर निशाना लगाने का प्रशिक्षण दिया। जंगलों में और सुनसान इलाकों में जवानों को मैप रीडिंग की जानकारी होनी चाहिए, इसी उद्देश्य से केड्टों को मैप रीडिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें नक्शे की सहायता से उत्तर दिशा ज्ञात करना तथा प्रिजमैटिक कम्पास की सहायता से स्वयं के स्थान की पहचान करने का प्रशिक्षण प्रदान किया। उक्त प्रशिक्षण सूबेदार मेजर ब्रजेश कुमार, सूबेदार सजी एस के अंतर्गत प्रदान किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण भारतीय ने भी कैडेट्स को सेना मे कमिशन रेंक की परीक्षा हेतु आवश्यक विषय से संबंधित जानकारी दी। ताकि कैडेट्स अधिक से अधिक सेना में उच्च पदों पर भर्ती हो सके। इस दस दिवसीय कैंप में 628 कैडेट्स शामिल हुए। एन.सी.सी. अधिकारी क्रमशः लेफ्टिनेंट कपिल पटेल,फर्स्ट ऑफिसर दामोदर मुकाती ,केयर टेकर नीरजा सिंह की उपस्थिति रहेंगी।

# भगवान परशुराम की शौर्य यात्रा 19 को निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास द्वारा इस वर्ष भी अक्षय तृतीया पर 10 मई को स्थानीय गंगानगर स्थित परशुराम वाटिका में राजराजेश्वर भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष हवन पूजन का भगवान परशुराम का जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में मनाया जायेगा। प्रातः 8.30 बजे देवास नगर के सभी ब्राह्मणों द्वारा परशुराम वाटिका पर उपस्थित होकर भगवान परशुराम का वरिष्ठ आचार्य की उपस्थिति में पूजन अभिषेक कर हवन किया जाएगा। 19 मई को परशुराम जी की भव्य शौर्य यात्रा शाम 5.30 बजे सयाजी द्वार से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मंडी धर्मशाला तक परम्परानुसार झांकियो, ढोल, घोड़े ,बग्घी, भजनों की प्रस्तुति के साथ, एक जैसी वेश भूषा पहने विप्रजनों द्वारा निकाली जाएगी। इस अवसर पर महासंघ महिला अध्यक्ष यशोदा शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष आदित्य दुबे, नगर अध्यक्ष विमल शर्मा, महासचिव डॉ. रितेश शर्मा, महेंद्र व्यास, दीपेश कानूनगो, संजय दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने ब्राह्मण बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सेल फैक्ट्री के मैदान में अचानक लगी आग



**जावर।** मेहतवाड़ा स्थित सेल मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट कंपनी के मैदान में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए चार फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। लेकिन आग बुझाने में असफल रहे। आग लगने से वन्य जीव पक्षी और हरे भरे पेड़ पौधे आग की लपेटे में जाने के कारण अधिक नुकसान हुआ। एक्सपर्ट का कहना है कि कंपनी के अंदर वन्य प्राणी हिरण, मोर तेंदुए को भी कई बार देखा गया है। आग लगने का कारण खेतों में आग लगने के कारण कंपनी की बाउंड्री के अंदर चिंगारी पहुंच गई। जिसपर काबू नहीं पाया जा सका। आग को तैजी से फैलता देख प्रत्यक्षदर्शियों ने जावर आष्टा थाना और कोठरी से फायर टेंडर बुलाए। जसके सहयोग से देर रात तक आग पर काबु पाने का प्रयास किया गया।

### रेडक्रॉस दिवस मनाया

**सीहोर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी डुनाट का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत के निर्देशन पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तहसील चौराहे पर स्थित कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में शुरू हुई प्याज, लहसुन की नीलामी

# व्यापारियों के गोदाम नहीं होने से नीलामी के बाद किसान को 5 किमी दूर तक ढोना पड़ती है उपज

लापरवाही की वजह से पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है। किसानों को सुबह से लेकर शाम तक अपनी उपज को बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसानों के हित में दर्जनों योजना शासन द्वारा चलाई जा रही हैं। जिसका फायदा किसानों को मिल सकें। जबकि प्रशासन में बैठे जवाबदार अधिकारी व कुछ कर्मचारी की लापरवाही से उनके साथ खुलेआम शोषण हो रहा है। नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में प्याज, लहसुन की नीलामी, सुविधाएं नहीं दी जा रही है। यहां पर व्यापारियों के गोदाम नहीं होने की वजह से नीलामी के बाद किसान को ही 5 किमी तक उपज को ढोना पड़ती है। इससे किसान को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां पर पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

मंडी प्रबंधन की लापरवाही की वजह से पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है। नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में प्याज लहसुन की नीलामी के वक्त चपत लगाई जा रही है। किसानों के प्याज, लहसुन भरने में सहयोग करने को लेकर उपज एक किलो से डेढ़ किलो तक निकाल लेते हैं। जबकि अन्य मंडियों में प्रति बोरे 5 रुपए के हिसाब से लेते हैं। आष्टा कृषि उपज मंडी में अनुमान से लहसुन, प्याज किसानों के बोरे में से निकाली जाती है। जबकि वह हजारों में पहुंच जाती है। क्योंकि इस समय लहसुन का भाव 100 रुपए से ऊपर है तो वहीं प्याज का भाव 10 से 15 रुपए है। प्रतिदिन अगर 100 किसान भी लहसुन बेचने आए तो उनसे आधा किलो ही लिए तो 50 किलो हो जाएगा। इसी तरह प्याज के बोरे में से भी प्याज निकाली जाती है। किसान अगर विरोध भी करें तो ड्यूटी कर्मचारी उसे नजरअंदाज कर शांत करा देते हैं।

### 2 शिफ्ट में होती है नीलामी

लहसुन, प्याज की नीलामी दो शिफ्ट में होती है। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 तक नीलामी की जाती है। जिससे किसानों को सुबह से लेकर शाम तक अपनी उपज को बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। शाम को नीलामी के बाद 5 किमी दूर तुलवाने आना पड़ता है। किसान काफी लेट होने के कारण अपना बाजार का जरूरत का सामान नहीं खरीद पाता है। लहसुन, प्याज की नीलामी सुबह 10 बजे से शुरू होकर बगैर लंच लिए ही नीलामी करना चाहिए ताकि किसान आसानी से अपना माल बेचकर घर जा सकें।

### किसानों को यहां भी नुकसान

नवनिर्मित कृषि उपज मंडी नगर से लगभग 5 किमी है जहां नीलामी होती है। वहां से व्यापारी द्वारा खरीदा गया लहसुन, प्याज की तुलावटी व खाली व्यापारी के दूर दराज बने गोडाउन पर होती है। जिससे किसानों को नुकसान होता है। अब किसानों के लिए दोगुनी परेशानी हो गई है। नियमानुसार मंडी में नीलाम हुआ है तो मंडी में तो तौलने की व्यवस्था होनी चाहिए।

**मुझे नहीं है जानकारी**

मुझे जानकारी नहीं है। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नीलामी में है उनकी ड्यूटी चुनाव में लगी है। मुझे जानकारी नहीं है।
**भोपाल सिंह उपलादिया,** मंडी सहायक उपनिरीक्षक

# सड़क के गहरे गड्ढे दे रहे गंभीर हादसों को न्योता

आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



**आष्टा।** लोगों ने संकेतक के रूप में गड्ढे के ऊपर पेड़ की पत्तियां रख दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के दशहरा मैदान स्थित सब्जी मंडी जहां रोज सैकडों किसान, व्यापारी व आम नागरिक आते हैं। उसी मार्ग पर बीच रोड कई दिनों से बड़ा गड्ढा है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं।

इसे देखते हुए स्थानीय व्यापारियों व लोगों ने संकेतक के रूप में गड्ढे के ऊपर पेड़ की पत्तियां रख दी हैं। जिससे लोग किसी तरह की दुर्घटना से बच सकें। बता दें कि उक्त गड्ढे की समस्या कई दिनों से चल रही है। इस ओर न तो पार्षद ध्यान दे रहे हैं ओर न ही जिम्मेदार अधिकारी। जबकि उक्त मार्ग से किसान, व्यापारी व आम नगारिक बड़ी संख्या में वाहन व पैदल निकलते हैं। क्योंकि उस स्थान पर सब्जी मंडी, मार्केटिंग सोसायटी, न्यायालय, तहसील कार्यालय, थाना, कृषि उपज मंडी व कन्नौद रोड पर जाने वाला मार्ग है।

सुबह से लेकर देर रात तक उक्त मार्ग पर लोगों का आवागमन जारी रहता है। कई बार वाहन फंस चुके हैं। हालांकि अभी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। इससे पहले शायद जवाबदार जाग जाएं।

# सामाजिक कार्यकलापों से ही श्रेष्ठ पहचान मिलती है: परमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

धार्मिक क्षेत्र में उनकी उपस्थिति सभी को प्रेरित करती थी। धर्म को साध कर संघर्ष करते हुए सफल व्यवसायी और समाज में अपनी उदारचित्तता के चलते लोकप्रिय हुए स्व. मांगीलाल साहू गुरु भक्त भी थे। जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद महाराज के परम भक्त व प्रभु प्रेमी संघ के स्थानीय संरक्षक धर्म और कर्म के क्षेत्र में एक सफल उदाहरण थे। उनके प्रेरक जीवन की स्मृतियां नगरवासियों के मन पर सदैव अंकित रहेंगी। यह बातें श्रद्धांजलि सभा में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा स्व. मांगीलाल साहू को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए प्रभु प्रदेश संघ के सदस्यों ने कहीं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने साहू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक परिपक्व व्यक्तित्व का धनी होना बताया। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के शोक संदेश का वाचन प्रभु प्रेमी संघ के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद सिंह वर्मा एडवोकेट ने किया।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में महिलाओं ने लोक कल्याण की ली शपथ

**आष्टा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजु सरावगी उड़ीसा व प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने शाखा आष्टा में तीन ब्रांचों की महिलाओं को शपथ दिलाई। इनमें आष्टा, भोपाल व शाखा कुरावर शामिल हैं। विशेष सलाहकार विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी, आंचल प्रमुख सुमन मुंदड़ा, राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख इंदू गर्ग व अंशु गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने आष्टा विजिट कर शपथ विधि करवाई व नए अध्यक्षों को सचिव को कोषाध्यक्ष को बैच लगाएं। शाखा आष्टा के सभी पदाधिकारियों ने बाहर से पधारे हुए मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि को अभिनंदन पत्र व पौधे देकर सम्मान किया। मेहंदी की कक्षा लगाई अध्यक्ष रानी सोनी के कार्यकाल में सचिव अनीता शर्मा ने अपनी रिपोर्ट पड़ी। वहीं आष्टा शाखा के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर पैसों का कलेक्ट कर कन्या शाला छात्रावास में स्कूल लाइब्रेरी में बच्चों की किताब रखने के लिए एक अलमारी भेंट की। साथ ही महिला सशक्तिकरण प्रमुख स्मिता मूंदड़ा ने जरूरतमंद महिला को रोजगार देने के लिए सिलाई मशीन दी। वहीं एक बच्ची को मेहंदी की क्लास लगवाई ताकि वह मेहंदी सीखकर रोजगार चला सकें व लड़कियों को सिखा सकें। बाल विकास प्रमुख सुनीता ऐलजपुरिया ने पितृहीन बच्चे जिनके माता-पिता नहीं है उनको गोद लिया है।

# आशा कार्यकर्ता ने जांच के बहाने मरीज को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जांच हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए बीएमओ लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कई आशा कार्यकर्ता मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भेज रही हैं। आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान पति मनोहर चौहान ने एक मरीज के जांच के बहाने निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। विशेषज्ञ डॉक्टर भूपेंद्र परमार ने एक महिला मरीज को आपरेशन करवाने के पहले जांच लिखी थी। आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति मनोहर चौहान महिला को सिविल अस्पताल से बाहर लैब पर ले गए और उसके बाद प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के लिए भर्ती करा दिया। जब यह जानकारी डॉक्टर भूपेंद्र परमार को पता चली तो उन्होंने आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति को बुलाया और फटकार लगाई। कुछ आशा कार्यकर्ताओं के साथ अब उनके पति, परिवार के सदस्य सिविल अस्पताल में उपचार कराने आने वाले मरीजों को डॉक्टर के देखने के बाद मरीज को जांच कराने, दवाई दिलाने बाजार में ले जाते हैं। एक महिला मरीज को डॉक्टर ने सिविल अस्पताल में आपरेशन करने के लिए जांच लिखी, जिसे आशा कार्यकर्ता के पति अस्पताल के बाहर जांच कराने और आपरेशन करवाने प्राइवेट हास्पिटल ले गया, जो आपरेशन निःशुल्क होना था, उसमें मरीज का पैसा लगवा दिया। कुछ डॉक्टरों, लेबोरेट्री, मेडिकल एवं प्राइवेट अस्पताल वालों से अच्छा खासा कमीशन लेने के चक्कर में शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों को आर्थिक चपत आशा कार्यकर्ता, उनके परिवार वाले लगवा रहे हैं। इन्हें सिविल अस्पताल में आने से रोकना होगा। डॉक्टर भूपेंद्र परमार ने बताया कि सिविल अस्पताल में ओपीडी के दौरान एक महिला आई थी, उनको फोड़ा हो गया था, जिसका आपरेशन सिविल अस्पताल में में स्वयं करता, लेकिन आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति मनोहर चौहान महिला को सिविल अस्पताल से बाहर ले गए और एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया। मैंने मनोहर चौहान को बुलाकर पूछा नाराजगी जताई। इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी को भी अवगत कराया है। इसम मामले मेंबीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी ने बताया है कि विभाग स्तर पर भी जानकारी भेज दी है,जो भी दोषी पाया जाएगा कार्रवाई की जाएगी। उच्च अधिकारियों से जांच के आदेश मिले हैं।

# नप कर्मचारियों ने मुख्य बाजार में लगाया प्याऊ




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में भीषण पड़ रही गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा मुख्य बाजार में प्याऊ की व्यवस्था की गई राहगीरों व बाजार आने वाले लोगों को पानी के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही थी नगर परिषद अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि दोपहर में तेज गर्म हवा चलने से प्यास के मारे लोग इधर-उधर पानी की तलाश में भटकते रहते हैं सुबह घड़ों में पानी भरने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है इस दौरान नगर परिषद सीएमओ राजेश सक्सेना, इंजी दीपक अटेरिया, मधुसूदन जोशी, प्रदीप वैद, अर्जुन चौहान, कमलेश ठाकुर,गुलाब गुर्जर, हेमंत परिहार, ऋषि वर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# जैन मंदिर में श्रीनमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष और उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। नगर के चंद्र प्रभु मंदिर गंज में भगवान नमिनाथजी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अभिषेक, शांति धारा भक्ति- भाव के साथ की गई । वहीं भगवान की पूजा-अर्चना भी की गई। नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर व चंद्र प्रभु मंदिर, नेमिनाथ दिगंबर मंदिर साईं कॉलोनी व शांति नगर में भी भगवान नमिनाथ जी की आराधना की गई।

## लोक अदालतः प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

न्यायालय परिसर में 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले, इसलिए लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने के लिए विद्युत मंडल के रथ को हरी झंडी दिखाकर द्वितीय जिला न्यायाधीश उमेश पटेल ने न्यायालय परिसर से रवाना किया। द्वितीय जिला न्यायाधीश उमेश पटेल ने बताया कि ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में छूट के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर न्यायाधीश एमएनएच रजवी, न्यायाधीश रिचा शर्मा, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी, योगेश साहू व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थें।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे कई आयोजन, तैयारी शुरू

# 12 मई को निकलेगा चल समारोह, दिए जा रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद भी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और विप्रजन पूरे उत्साह के साथ शहर सहित आसपास के स्थानों पर पहुंचकर भव्य चल समारोह का प्रचार-प्रसार कर रहे है।

गत दिनों भी युवाओं, महिलाओं सहित अन्य समाजजनों की बैठक का आयोजन किया जा चुका है। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मौनी सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों ने शहर के चाणक्यपुरी, शेरपुर के पास कालोनी, अवधपुरी, विश्वनाथपुरी सहित शहर के अन्य स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को आगामी 10 मई से होने वाले दो दिवसीय महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर विप्रजनों ने भगवान परशुराम के नारे भी लगाए। दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से किया जाएगा। इस मौके पर सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में आस्था और उत्साह के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा शाम को कलश एवं पूजन थाली सजावट प्रतियोगिता महिला मंडल के द्वारा की जाएगी। वहीं रविवार को भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर आगामी 10 मई शुक्रवार को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात शाम पांच बजे महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

12 मई को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 2800 से अधिक निमंत्रण पत्रों का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि चल समारोह के अध्यक्ष श्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों ने बुधवार तक करीब 22 सौ से अधिक निमंत्रण का वितरण समाजजनों को किया है।

# ट्रॉलियों में नहीं लगाए जाते रेडियम साइड में खड़े रहने से हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इस समय कृषि उपज मंडी में सीजन की आवक चल रही है। जिसके चलते बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली नगर में पहुंच रहे हैं। लंबे समय से कई वाहन व ट्रैक्टर ऐसे दौड़ रहे हैं, जिनकी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है। इससे रात में पीछे चलने वाले लोगों के साथ हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है। जबकि रात के समय हाईवे मार्ग के किनारे पर खड़े या चलने के दौरान ट्रॉली नजर नहीं आती है। जिससे हादसे का भय रहता है। नगर व हाईवे मार्गों पर ट्रक व अन्य वाहन बिना ब्रेक लाइट जलाए ढाबों व मुख्य मार्ग पर खड़े कर दिए जाते हैं। इस कारण दो पहिया वाहन चालकों को इसकी जानकारी नहीं लग पाती है। जो हादसों का कारण बन जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर के महेश मेवाड़ा का कहना है कि हाइवे पर चलने पर ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली में ब्रेक लाईट या रेडियम नहीं होता है। इस कारण पीछे आने वाले वाहन चालक को दिखाई नहीं देता है। जिससे हादसे होते हैं। पूर्व में तात्कालीन डीटीओ अनुराग शुक्ला ने अभियान चलाकर ट्रॉलियों में रेडियम की पट्टी लगाई थीं, लेकिन यह आगे जारी नहीं रखा गया।

## कलेक्टर के आदेश के बाद शुरू हुई सोनोग्राफी, जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा

# गर्भवती महिलाओं और नवजातों को समय पर मिल सकेगा स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

चुनावी समर में जिला अस्पताल में डॉक्टर की चल रही मनमानी पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने लगाम लगाना शुरू कर दी है। कलेक्टर ने 8 मई को जारी अपने आदेश में पिछली 30 अप्रैल से बंद पड़ी सोनोग्राफी को सुचारू चालू रखने के उद्देश्य से डॉक्टर की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। सिविल सर्जन के बताया कि हमने हर दिनांक के हिसाब से सोनोलॉजिस्ट की ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है, जिससे जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। वहीं 13 अप्रैल से अपने आपको छुट्टी पर बताने वाली महिला डॉ आकांक्षा सिंह और डॉ पूजा तिवारी भी बुधवार से अपनी ड्यूटी पर लौट आई हैं। इनके आने से भी मरीजों को लाभ मिलेगा और गर्भवती और नवजातों को समय पर सही स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

### यह सोनोलॉजिस्ट ओपीडी समय पर रहेंगे जिला अस्पताल में उपस्थित

| दिनांक | | सोनोलॉजिस्ट |
|---|---|---|
| 9 मई | | डॉ गुंजन त्रिपाटी |
| 11 मई | | डॉ उपेन्द्र सोलंकी |
| 13 मई, | 27 मई, 30मई | डॉ उषा मीणा |
| 14 मई | | डॉ एस प्रसाद |
| 15 मई | | डॉ दीपक सिंह |
| 16 मई , | 24 मई, 31 मई | डॉ यशपाल रीठौरिया |
| 17 मई, | 25मई,29 मई | डॉ आर के जैन |
| 18 मई | | डॉ वीपी गुप्ता |
| 20 मई | | डॉ नीलेश कुमावत |
| 21 मई | | डॉ भरत लाल अहिरवार |
| 22 मई | | डॉ लबीना पंजाबी |
| 28 मई | | डॉ पी के मालवीय |

### सोनोग्राफी क्यों है जरूरी


मातृत्व एवं प्रसव को ध्यान में रखते हुए सोनोग्राफी बेहद जरूरी है। एक गर्भवती महिला को अपने प्रसव काल के दौरान कम से कम 3 या 4 सोनोग्राफी कराना अनिवार्य होती है जिससे गर्भस्थ शिशु एवं प्रसूता के स्वास्थ्य की संपूर्ण जानकारी समय रहते मिल जाने से आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते दूर किया जा सकता है। सोनोग्राफी के समय पर उपयोग से मातृ एवं शिशु मृत्यू दर को कम करने में बहुत मदद मिलती है। हाईरिस्क फेक्टर का पता समय पर चल जाता है जिससे बाहर रेफर की स्थिती का समय पर पता चल जाता है। बच्चों के अधिक बजन एवं कम बजन होने का भी समय रहते पता चलते से उनका इलाज किया जा सकता है और उन्हें होने वाले गंभीर परिणामों से बचाया जा सकता है।

### सिविल सर्जन की बिना अनुमति छुट्टी पर गई दो महिला डॉक्टर रीजनल ज्याइंट डॉयरेक्टर के आदेश के बाद लौटी ड्यूटी पर

**इनका कहना है**

बिना अनुमति के छुट्टी पर जाने के कारण रीजनल ज्वाइंट डॉयरेक्टर की अनुमति के बाद ही ज्वाइनिंग दी गई।

डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन
जिला अस्पताल राजगढ़



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समुचित प्राधिकारी पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी. एक्ट जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक/पी.सी.पी.एन.डी.टी./2024 / 6-1 दिनांक 8/5/2024

प्रति,
समस्त सोनोलॉजिस्ट चिकित्सक
राजगढ़ जिला राजगढ़


विषयः-जिला चिकित्सालय में आने वाले सोनोग्राफी हेतु मरीजों की पूरे माह शासकीय एवं निजी चिकित्सकों द्वारा सोनोग्राफी सेवाएँ उपलब्ध कराने के संबंध में।
संदर्भः- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1165 दिनांक 10.02.2023 के संबंध में।

उपरोक्त विषय में अनुरोध है कि प्रशासकीय कार्य व्यवस्था कि दृष्टि से आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ के उद्देश्य से लिए गये निर्णय अनुसार जिला चिकित्सालय राजगढ़ में प्रतिदिन सोनोग्राफी कार्य को करने हेतु जिले के पंजीकृत चिकित्सक व कार्यालय के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की दिनांक अनुसार प्रतिदिन ओ.पी.डी. समय में सोनोग्राफी करने हेतु तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाता है-

| क्र. | सोनोलॉजिस्ट का नाम | स्थान | आवंटित दिनांक ओ.पी.डी. समयानुसार |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ.चंद्रसेन दायमा मो.-7509612341 | सुविधा सोनोग्राफी सेन्टर राजगढ़ | 08.05.2024 |
| 2 | डॉ. गुंजन त्रिपाठी मो.-6261205281 | डॉ.जी.पी. नर्सिंगहोम राजगढ़ | 09.05.2024 |
| 3 | डॉ.उपेन्द्र सोलंकी मो.-7999857439 | नर्मदा डायग्नोस्टिक सेन्टर पचोर | 11.05.2024 |
| 4 | डॉ.उषा मीणा मो.-8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 13.05.2024 |
| 5 | डॉ.एस. प्रसाद मो.-7489141556 | भोपाल नर्सिंगहोम खिलचीपुर | 14.05.2024 |
| 6 | डॉ.दीपक सिंह मो.-8517029669 | ओम मंगलम सोनोग्राफी सेन्टर जीरापुर | 15.05.2024 |
| 7 | डॉ.यशपाल रीठोरिया मो.-9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 16.05.2024 |
| 8 | डॉ. आर.के.जैन मो.-8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 17.05.2024 |
| 9 | डॉ.वी.पी.गुप्ता मो.-8989269995 | ख्याती सोनोग्राफी सेन्टर राजगढ़ | 18.05.2024 |
| 10 | डॉ.नितेश कुमावत मो.-9755199507 | कुमावत अल्ट्रासाउण्ड सोनोग्राफी सेन्टर ब्यावरा | 20.05.2024 |
| 11 | डॉ.भरत लाल अहिरवार मो.-9506244520 | विनायक सोनोग्राफी सेन्टर नरसिंहगढ़ | 21.05.2024 |

निरंतर 02...पर

51 LATTER



//02//

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | डॉ.लबीना पंजाबी मो.-9425037700 | पंजाबी नर्सिंगहोम ब्यावरा | 22.05.2024 |
| 13 | डॉ.यशपाल रीठोरिया मो.-9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 24.05.2024 |
| 14 | डॉ. आर.के.जैन मो.-8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 25.05.2024 |
| 15 | डॉ.उषा मीणा मो.-8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 27.05.2024 |
| 16 | डॉ.पी.के.मालवीय मो.-9425037640 | मालवीय क्लीनिक ब्यावरा | 28.05.2024 |
| 17 | डॉ. आर.के.जैन मो.-8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 29.05.2024 |
| 18 | डॉ.उषा मीणा मो.-8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 30.05.2024 |
| 19 | डॉ.यशपाल रीठोरिया मो.-9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 31.05.2024 |

कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित।

(डॉ.किरण वाडीया)
समुचित प्राधिकारी अधिकारी
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट
जिला राजगढ़ म.प्र.

पृ. क्रमांक/पी.सी.पी.एन.डी.टी./2024/ 6-2 दिनांक 8/5/2024
प्रतिलिपि -
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ ।
2. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी पी.सी.पी.एन.डी.टी.स्थानीय कार्यालय।
4. प्रभारी मेडिकल ऑफिसर सिविल अस्पताल ब्यावरा/सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सुश्री शहनाज मंसूरी नर्सिंग ऑफिसर 7987252096 सोनोग्राफी कक्ष जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर पालनार्थ।
7. संबंधित सोनोलॉजिस्ट डॉ ______ सह सेन्टर ______ जिला राजगढ़ की ओर पालनार्थ।

समुचित प्राधिकारी अधिकारी
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट
जिला राजगढ़ म.प्र.

### रविवार और सोमवार को हुए दो सीजर से बीमारी हुई दूर

प्रसूता से पैसे मांगने के आरोप एवं उसकी मौत के बाद सिविल सर्जन की अनुमति के बिना मेडिकल लीव पर चली गई दो महिला डॉक्टर डॉ आकांक्षा सिंह एवं डॉ पूजा तिवारी ने आखिरकार बुधवार को ज्वाइन कर लिया। सूत्रों की माने तो पिछले दिनों दो दिनों में हुए दो प्रसूताओं के ऑपरेशन के बाद उनका स्वास्थ्य जल्दी ठीक हो गया और वह सोमवार को ही ज्वाइन करने पहुंच गई थी। परंतु सिविल सर्जन नितिन पटेल ने नियमों का हवाला देते हुए रीजनल ज्वाइंट डायरेक्टर से अनुमति की बात कही और जब आधिकारिक मेल प्राप्त हो गया तब जाकर बुधवार को दोनों महिला डॉक्टर को ज्वाइनिंग दी गई। इस तरह पिछले कई दिनों से प्रसूताओं को मिल रही परेशान अब शायद थम जाएगी और रिश्वत लेने जैसे आरोपों की पुनर्रावृत्ति नही होगी ऐसी आशा आम जनता कर सकती है।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज निकलेगा शोभायात्रा

**ब्यावरा।** प्रतिवर्तन अनुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाएगा। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास एवं उत्थान के साथ स्वजातीय बंधुओं को एक सूत्र में पिरोते हुए विकास पथ पर अग्रसर बढ़ने की मंशा से श्री श्री 1008 महंत प्रेमदास जी महाराज बीड़ मंदिर के सानिध्य में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाएगा। भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रातरू 8 बजे वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए परशुराम मंदिर, बीड मंदिर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। 11 बजे अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। एवं दोपहर 12 बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा,भगवान परशुराम, परशु पराक्रम प्रतीक है। राम सत्य सनातन का पर्याय है। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ। पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। परशुराम भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। परशुराम जी के जन्म उत्सव को अक्षय तृतीया भी कहा जाता है, इस दिन 24 घंटे शुभ मुहूर्त रहता है। सनातन परंपरा में 8 ऐसे चिरंजीवी देवता हैं जो जुगों जुगो से इस पृथ्वी पर मौजूद है। इन्हीं में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम भी हैं। इस वर्ष 10 मई 20 24 को अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। हमारी भावी गतिविधियां है। परशुराम वेद- वेदांत की स्थापना। परशुराम वैदिक संस्कृत पाठशाला की स्थापना। नई पीढ़ी के लिए जानेऊ उपनयन संस्कार। गरीब कन्याओं के लिए विवाह और भविष्य में विवाह सम्मेलन की योजना। प्रतिभावान गरीब युवाओं को शिक्षा ऋण। आपात कोष, समाज के गरीब वर्ग की सुरक्षा के लिए। प्रति परिवार, उसके सदस्य का पंजीकरण। पारदर्शी, सार्वजनिक समाज कोष गतिविधि। बाहर रहने वाले विप्रो की जानकारी। वर्ष में तीन बार वृद्धि आयोजन एवं समाज का परिचय सम्मेलन आदि। समाज बंधुओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल हों।



# वेदांत गुप्ता ने कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 89.6 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



हाल ही में आईसीएसई (इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकंडरी एजुकेशन) बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें वेदांत गुप्ता ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की। प्रतिभावान छात्र वेदांत गुप्ता सारंगपुर महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. दिलीप गुप्ता के सुपुत्र है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वेदांत पूरे वर्ष अध्ययन के प्रति बेहद समर्पित रहकर 4 से 5 घंटे सेल्फ स्टडी की। वैज्ञानिक बनकार राष्ट्र सेवा करने का लक्ष्य लिए वह निरंतर ज्ञान-विज्ञान के नए नए पहलुओं को जानने का प्रयास करता रहता है। ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट स्कूल के छात्र वेदांत गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं परिजनों को देते हुए बताया कि कठिन परिश्रम एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से बड़े से बड़ा लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। मैंने अपना लक्ष्य निर्धारित कर चार से पांच घंटा प्रतिदिन पढ़ाई की जिसका परिणाम अपनी अपेक्षा के अनुरुप प्राप्त हुआ।

## दलित महिला को लगी चोट, परिजनों को लेकर महिला पहुंची थाने

# रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने दलित महिला से अभद्रता कर मारपीट की





हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

खिलचीपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मूणडला में दलित परिवार के साथ रास्ते के विवाद को लेकर गांव में रहने वाले दबंगों ने विवाद कर मारपीट की। वहीं जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गालियां देते हुए मारपीट की। विवाद में दलित महिला को चोट आई है। दलित महिला परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आई। दलित महिला के बताये अनुसार पुलिस ने मेडिकल कराकर विवाद करने वाले गांव के दबंगों हिम्मत सिंह पिता रतनलाल राजपूत, सिद्धू सिंह पिता रतनलाल राजपूत, पप्पू सिंह पिता रतनलाल राजपूत, रामपाल राजपूत के खिलाफ अनुसूचित जनजाति के तहत धारा 3(1) द, 3(ध), 3(2) 323, 294, 324, 506 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**कार्रवाई करेंगे**

प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

आरएस धाकड़, थाना प्रभारी
खिलचीपुर।

# भगवान परशुराम जयंती के लिए घर-घर संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

युवा ब्राम्हण महापरिषद के तत्वाधान में 10 मई को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव मनाया जाएगा।

दिन में शोभायात्रा निकाले जाने के साथ रात्रि में धर्मसभा एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। परशुराम जयंती कार्यक्रम मे अधिकाधिक संख्या में ब्राम्हण परिवारों की उपस्थिति हो, इसके लिए युवा ब्राम्हण महापरिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर आमंत्रण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। 10 मई को भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में क्षेत्र के साधु संतों, पुजारियों एवं ब्राम्हणों की भारी उपस्थिति के लिए ब्राम्हण युवा महापरिषद के पदाधिकारी संपर्क अभियान में सक्रिय बने हुए है। संजय शर्मा, नीलेश भार्गव, मोनू शर्मा, रेवाशंकर शर्मा, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, रामकुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र शास्त्री सहित अन्यों द्वारा भीषण गर्मी में भी घरो-घर पहुंच कर परशुराम जयंती कार्यक्रम में ब्राम्हण परिवारों की महिला, पुरूष, युवाओं को आमंत्रित किया जा रहा है।

# जगह-जगह बसें रुकने से लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

नगर में भारी संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन हैं। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र से लोग भारी संख्या में वाहनों के साथ नगर में प्रतिदिन आते हैं। नगर में एक भी वाहन स्टैंड न होने से अघोषित वाहन स्टेण्ड मुख्य सडक के किनारों पर अनेक स्थानों पर बने हुए हैं। यात्री बसें बस स्टेण्ड से चालू होकर नगर के आधा दर्जन स्थानों पर आघोषित बस स्टैंड पर यात्रियों को चढाने उतारने स्थान-स्थान पर रुकने से जाम लगने के साथ घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

नगर के बीचों बीच से निकली पुरानी एनएच 12 की मुख्य सडक पर लगभग डेढ किमी डिवाइडर बना हुआ है। मुख्य सड़क के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक बैंक हैं। किसी भी बैंक के पास वाहन स्टैंड की सुविधा न होने से बैंकें खुलते ही बैकों के सामने मुख्य सड़क के किनारे दो पहिया, चार पहिया वाहनों की भरमार से जाम लगने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना पैदल चलने वालों को करना पड़ता है।

### यातायात पुलिस गायब

नगर में दिन की शुरुआत सुबह से रात्रि तक मुख्य सडक के साथ टाकीज रोड, मंडी रोड, छोटा बाजार, कन्याशाला रोड, किनगी रोड, पिपरिया रोड, उदयपुरा नाके, इत्यादि स्थानों पर प्रतिबंध वाहनों का भारी आवागमन रहता है। नगर के सभी प्रमुख सार्वाजनिक स्थानों, तिराहों, चौराहों पर सुव्यवस्थित सुरक्षित यातायात के लिए यातायात पुलिस की मौजूदगी जरूर रहती है। परंतु नगर के किसी भी चौराहे, तिराहे, भीड भाड वाले स्थानों से यातायात पुलिसा गायब बनी रहने से वाहन चालकों की मनमानी बनी रहने से पैदल चलने वाले बुजूर्ग, महिलाएं, छात्र, बच्चे जोखिम भरी स्थिति में बने रहते हैं। सड़कों के किनारों पर घंटो से दो पहिया, चार पहिया वाहन और मालवाहक वाहन खड़े रहने पर उन्हे हटाने के प्रति यातायात पुलिस की अनुपस्थिति से वाहन चालकों, मालिकों की दबंगाई विवादों का कारण बनता रहता है। कॉलेज रोड, मंडी चौराहे, पिपरिया रोड, टाकीज, कब्रिस्तान चौराहे, दीनदयाल परिसर के आसपास, बस स्टेण्ड, उदयपुरा नाके, किनगी रोड, कन्याशाला रोड, बडा बाजार, सब्जी मंडी के आसपास दुकानों के भीतर से अधिक सामान सड़को पर फैला रहने से जाम लगने और जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है। सड़कों पर स्थान-स्थान पर बिल्डिंग मटेरियल, कबाड सामग्री भी पड़ी रहने से वाहनों का आवागमन जोखिम भरी स्थिति में होता है। नपं. स्थानीय प्रशान, ट्राफिक पुलिस की लंबे समय से बनी उदासीनता, अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कभी भी प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से ऐसा लगता है कि नगर अतिक्रमण के बीच बसा है। दुकानदारों को अपनी हद में रहने की बार-बार दी गई चेतावनी बिना प्रभावी कार्रवाई मात्र औपचारिकता और आम आदमी पैदल चलने वालों के साथ कभी -कभी वाहन चालकों के लिए भारी परेशानियों का कारण बनती रहती है।




# दो सांड आपस में लड़े एक्टिवा हुई क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा

मंगलवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर दो सांड आपस में लड़ गए। आपस में लड़ते हुए सांड वहीं मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा पर चढ़ गए। जिससे एक्टिवा का अगला और पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पास से पैदल गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए। बाद में किसी तरह सांडों को अलग कर भगाया गया।

# राशन दुकान का 16 बोरी चावल उल्टा पल्टी करते किया जब्त

### उचित मूल्य दुकानों से राशन सामग्री की हेराफेरी, हो रही ब्लैक मार्केटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



अनुविभाग की उदयपुरा देवरी, बरेली, बाड़ी तहसीलों में सैकड़ों उचित मूल्य की दुकानों से गरीबों, अतिगरीबों को सस्ती दरों एवं निःशुल्क राशन वितरण में देखरेख जांच के अभाव में सामग्री की हेराफेरी और काला बाजारी का जोर बना हुआ है। उदयपुरा में एक गल्ला व्यापारी के यहॉ से 16 बोरी चावल खाद्य राजस्व विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई के दौराल उल्टा पल्टी करते हुए जब्त किया गया। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हजारों गरीब अति गरीब परिवार है। जिन्हें सहकारी समितियों, उपभोक्ता भंडारो एवं वन विभाग के द्वारा संचालित दुकानों, सेल्समेनों के द्वारा राशन सामग्री का वितरण किया जाता है। हमेशा समय पर राशन सामग्री न मिलने, कम सामग्री दिये जाने और समय से पूर्व ही राशन सामग्री समाप्त हो जाने की बहानेबाजी चलती रहती है। दुकानदारों, सेल्समेनों द्वारा विभिन्न तरीके अपना कर राशन सामग्री हडपने के प्रयास और सक्रियता बनी रहती है।

### नहीं होती जांच

अनुविभाग की बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों की सेकडो ग्रापं. में हजारों गरीब, अतिगरीब, विकलांग ग्रामीण क्षैत्र में निवास करते है। प्रतिमाह हजारों क्विंटल गेंहू चावल एवं अन्य उचित मूल्य की सस्तीदरों एवं निःशुल्क वितरण होने वाली सामग्री का उठाव होता है। नियमानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख से पूर्व सामग्री का उठाव और हितग्राहियों में वितरण होना चाहिए। गरीबों की राशन सामग्री वितरण पर प्रभावशाली, दबंग लोगो का शिकंजा बना रहने और गरीबों द्वारा राशन सामग्री न मिलने की शिकायतों के बाद भी उचित मूल्य दुकानों की जांच, वितरण के दौरान किस प्रकार सामग्री का वितरण किया जा रहा है। खाद्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जांच और प्रभावी कार्यवाही न किए जाने से सेल्समैनों, उपभोक्ता भंडारो की मनमानी बनी रहती है।

### 16 बोरी चावल जब्त

उदयपुरा के एक गल्ला व्यापारी के यहॉ से खाद्य उपनिरीक्षक आपूर्ति रावत, नायब तहसीलदार केके पंडोले एवं पटवारी की टीम ने एसडीएम बरेली संतोष मुदगल के निर्देश पर छापामार कार्रवाई जांच की गई। जब टीम पहुंची तो चावल की बोरियों की उल्टा पल्टी की जा रही थी। टीम द्वारा 16 बोरी जब्त चावल को सरकारी गोदाम में सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई।

# गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, सूरज की किरणों से बरसने लगी आग, लू का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

बैशाख, जेठ का महिना भीषणतम गर्मी, तेज धूप और जरा सी असावधानी पर लू लगने का कारण बनता है। पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। सूरज की किरणों से दिन में आग बरसने से सड़को, बाजारो में सन्नाटा छाने की स्थिति बन रही है। कभी कभार आसमान में बादल छा जाने से तेज धूप और आग बरसा रही सूरज की किरणों से लोगो को राहत जरूर मिल जाती है।

बैशाख का आधा महिना बीतने वाला है। प्रतिदिन बढता तापमान, गर्म हवाओं से दिन में शरीर को झुलसा देने वाली स्थिति बन रही है।



### गर्मी का कहर, लू लगने से बीमार हो रहे लोग

जिस प्रकार एकाएक गर्मी ने रोद्र रूप धारण किया, दिन में सूरज की किरणों और गर्म हवाओं का सामना कठिन हो रहा है। वही रात में भी गर्मी और उमस के माहौल से भरपूर नींद लेना कठिन होने लगा है। सुबह 9 बजे से शाम तक गर्म हवाओं का जोर बना रहता है। भीषणतम गर्मी के कारण जरा सी असावधानी लू लगने, बीमार पडने का कारण बन रही है। डॉ. बी.डी यादव ने तेज धूप, गर्मी में लोगो से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी होने पर धूप से बचाव और भरपूर पानी पीकर ही घर से वाहन निकलन की सलाह देते हुए कहा कि शीतल पेय पदार्थो का भी बहुत सावधानी से उपयोग करें।